**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09:20 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि जब तक हरियाणा और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड बकाया एरियर भुगतान संबंधी शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट में दायर नहीं करते तब तक राज्य सरकार किशाऊ बांध निर्माण को लेकर अपनी सहमति नहीं देगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों को हिमाचल के पानी का लाभ मिल रहा है। मगर प्रदेश के हितों की सुनवाई नहीं हो रही है।

***मुख्यमंत्री***

***बी बी एम बी का एरियर 11 साल से फंसा है। सी आर पाटिल के साथ मेरी मुलाकात हुई। किशाउ बांध पर वह बातचीत करना चाहते थे किशाउ बांध की बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल उसमें अड़ंगा न अड़ाए। मैंने कहा पहले जो 11 साल से हिमाचल की जनता का जो पैसा फंसा पड़ा है उसका ऐफेडेबिट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करें सुप्रीम कोर्ट ने हमे अवार्ड किया है उसके बाद हम किशाउ बांध की बात करेंगे।***

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बन गई है। आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए कतर में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि भारत किसी भी आतंकी हमले का जवाब सख्ती और निर्णायक तरीके से देगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक मिसाल बन गया है।

***अनुराग ठाकुर***

***पहलगाम टेरेरिस्ट अटैक में जो 26 निर्दोष भारतीयों की जानें गई है उनकी निंदा आज पूरी दुनिया कर रही है और हमारा डेलीगेशन जो अलग–अलग राजनीतिक दलों, अलग–अलग विचारधाराओं लेकिन एक संदेश लेकर एक जुट होकर पूरी दुनिया जा रहे हैं और भारत ने स्पष्ट कर दिया है ट्रेड और टैरर दोनों इक्टठे नहीं चल सकते हैं और कतर में जो दो दिनों में हमने बैठक में हमने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ ये जंग कड़ी और कड़े प्रहार होते रहेंगे अगर कोई कदम पाकिस्तान की ओर से उठाया गया या हमला किया गया तो और निर्णायक हमला भी होगा।***

**राजेश धर्माणी**

प्रदेश सरकार ने शिमला के तारा देवी क्षेत्र को ग्रीन एरिया घोषित किया है। अब इस क्षेत्र में कोई नया निर्माण नहीं होगा जो निर्माण हुआ है उसको भी सिर्फ उसी तर्ज पर रिपेयर किया जाएगा। ग्राम व नगर नियोजन मंत्री राजेश

धर्माणी ने शिमला में बताया कि कुल्लू और धर्मशाला के कुछ क्षेत्रों में भी ग्रीन एरिया घोषित किए जायेगे ताकि प्रदेश की हरियाली बनी रहे।

***राजेश धर्माणी***

***तारादेवी का हमारा डवेल्पमेंट प्लान है उसके मुताबिक उसका मकसद यही है कि जो ग्रीनरी तारा देवी की पहाड़ियों पर है वह बरकरार रहे। वरना ये कंकरीट का जंगल बनकर रह जाएगा तो उसके मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि हम एक रीजनल प्लान भी बना रहे हैं जिसमें तीन जिला हमारे यहां सबसे ज्यादा एक्टिविटीज बढ़ रही है उसमें शिमला है कल्लू है कांगड़ा है और जैसे–जैसे पैसे उपलब्ध होंगे उसके आधार पर फिर हम कोशिश कर रहे हैं कि पूरे हिमाचल का एक रीजनल प्लान और फिर डवेल्पमेंट प्लान बनाया जाए।***

**ड्राइवर–कंडक्टर यूनियन**

एच आर टी सी ड्राइवर–कंडक्टर यूनियन ने प्रदेश सरकार से लंबित देनदारियों को जल्द देने की मांग की है। यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि ड्राइवर और कंडक्टर के ओवरटाइम की लगभग 97 करोड़ रूपए की राशि अभी लंबित है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि प्रदेश में पहली जून से 500 एम एल पानी की प्लास्टिक बोतलों पर प्रतिबंध रहेगा। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लिए गए इस महत्वपूर्ण कदम की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को इसके दृष्टिगत व्यापक जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा प्रबोध सक्सेना ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी पर्यटक वाहनों सहित निजी परिवहन व टैक्सियों में गारबेज बिन को लेकर जारी दिशा–निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने को भी कहा।

**तरलोक चौहान**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कोल्जियम की कल हुई बैठक में उनकी सिफारिश की गई है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान प्रदेश उच्च न्यायालय में भी दो बार कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की भूमिका निभा चुके हैं।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से**

विमल नेगी मौत मामले से जुड़ी खबर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** का शीर्षक है **विमल नेगी मामले में सी बी आई जांच स्वीकार, अपील में नहीं जाएगी सरकार। दैनिक जागरण** ने लिखा है **सी बी आई जांच के आदेश को नहीं देंगे चुनौती।**

मौसम पर **आपका फैसला** की सुर्खी है **हिमाचल में 6 दिन तक बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान।**

**संजौली मस्जिद तोड़ने पर स्टे दिव्य हिमाचल** की एक खबर है।

**दैनिक भास्कर** के अनुसार **रोहतांग दर्रा खुलते ही पहुंचने लगे पर्यटक, दो दिन में 22 हजार से अधिक सैलानी पहुंचे।**